हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

8 खटकड़ टोल पर शुभकरण की अस्थियों के लोगों ने किए दर्शन



8 महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया






## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** गांव सफाखेड़ी फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने मृतक के मोसेरे भाई की शिकायत पर फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंदिरा कालोनी निवासी विशाल बीती रात बाइक पर सवार होकर ससुराल रोहतक के लिए निकला था।

### थ्री व्हीलर चोरी के मामले में 4 आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** थ्री व्हीलर चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ के एएसआई जसबीर सिंह व एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी शांति नगर कैथल निवासी नरेश कुमार व विकास उर्फ काशी, सीवन निवासी रवि तथा चुरासन पंजाब निवासी बलजीत उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया गया।

### सड़क हादसे में घायल तीसरे ने भी तोड़ा दम

**जींद।** भिवानी रोड गांव ईक्कस बाईपास पर बडा बीड वन के निकट तीन दिन पहले गंभीर रूप से घायल हुए तीसरे युवक की भी पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। बुढाबाबा बस्ती निवासी चमन लाल (24), सचिन (23), विशाल (24) गत 18 मार्च को कार्यवश गांव ईक्कस की तरफ गए हुए थे।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित अपराधी काबू

**कैथल।** पीओ/बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहीम अंतर्गत इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस ने चेक बाउंस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी बाला जी कॉलोनी कैथल निवासी कुलबीर को गिरफ्तार किया गया।

### महिला से मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज

जींद। गांव करसिंधु में महिला के साथ मारपीट करने पर उचाना थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव करसिंधु निवासी सुरेश देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्लाट की तरफ जा रही थी। रास्ते में अंग्रेजों ने बाल पकड़ कर उसे गिरा दिया जबकि बलजीत ने उसे पर लाठियों से हमला कर दिया।

### खेत से सामान चोरी के मामले में नाबालिग काबू

**कैथल।** खेत लोहे का सामान चोरी करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस के एचसी राजीव कुमार द्वारा सीवन निवासी 17 वर्षीय नाबालिग को पकड़ा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पाड़ला निवासी भानु सिंह की शिकायत अनुसार उसके खेत से 7 मार्च की शाम को अज्ञात चोर उसके खेत से फाले, हैरो व जंदरा चोरी करके ले गया।

### दुकान में घुसकर हमला पांच के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव ढाकल में बिजली रिपेयरिंग की दुकान पर बैठे युवक पर कार सवार लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दो युवकों को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव ढाकल निवासी गौरव ने पुलिस को शिकायत दी है।

### ढांड में जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के निवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री

# विपक्ष के घमंडिया गठबंधन के पास न कार्यकर्ता न नेताः नायब


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

## सीएम बोले : अनिल विज का आशीर्वाद मेरे साथ, जल्द मिलूंगा

रोहतक से चंडीगढ़ वापस जाते समय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अचानक ढांड में भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के निवास पर पहुंचे। जहां पर जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित मुख्यमंत्री सैनी का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मिले और कार्यकर्ताओं ने भी अपने नायब सैनी का मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार कैथल जिले में पहुंचने पर फूलों की वर्षा करके स्वागत किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं ही सबसे बड़ी पूंजी है, लेकिन विपक्ष के पास ना कार्यकर्ता है और ना ही उनके पास नेता है। विपक्ष ने घमंडिया गठबंधन किया है और एक-दूसरे को गाली भी देते हैं, बाद में गले भी लगाते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहले कांग्रेस को गाली देते थे और अब उसे गले भी लगा रहे हैं। ये दोहरे चरित्र के लोग हैं। एक तरफ बोलते हैं कि हम कट्टर ईमानदार हैं, दूसरी तरफ देखें तो वे कांग्रेस से भी बड़े भ्रष्टाचारी हैं। उनका नकाब उतर चुका है और आने वाले चुनाव में इनका चेहरा साफ हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों वो काम किए हैं, जो दूर से दूर बैठे नागरिक को मजबूत करने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आने वाले लोकसभा में हरियाणा की दस की दस सीटों पर कमल खिलेगा और नरेंद्र मोदी एक बार फिर देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।





**कैथल।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के निवास पर स्वागत करते हुए व मुख्यमंत्री नायब सैनी व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के साथ सतपाल जांबा। फोटो :हरिभूमि

### भीड़ देकर सीएम खुश, जिलाध्यक्ष की पीठ थपथपाई

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अपने निवास पर पहुंचने पर स्वागत करने के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के अचानक जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं की उमड़ी भीड़ देखकर खुशी से गद-गद हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर की पीठ थपथपाकर बधाई दी और इसी प्रकार संगठन को मजबूत करने के लिए बधाई दी।

### अनिल विज मेरे आदरणीय

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अनिल विज की नाराजगी पर पूछे गए सवाल पर कहा कि अनिल विज हमसे नाराज नहीं हैं। वे हमारे वरिष्ठ नेता हैं व मेरे आदरणीय हैं और उनसे मैं जल्द ही मिलूंगा। उनका आशीर्वाद पहले भी था और अब भी है। उनके घर जाकर मैं जल्द ही चाय भी लूंगा, जब भी समय मिलेगा। उनका हम समय-समय पर मार्गदर्शन लेते रहेंगे।

नायब सैनी ने कांग्रेस नेताओं को जवाब देते कहा कि वे हरियाणा में सरकार बनाने के सपने लेने छोड़ दें, क्योंकि उन्होंने यह सपना वर्ष 2014, 2019 में भी देखा था, लेकिन कांग्रेस नेता सपनों से बाहर आकर देखेंगे तो उन्हें हरियाणा में विकास दिखेगा। आज युवाओं को बिना पर्ची व बिना खर्ची के नौकरी मिल रही है, उस परिवार में कैसी खुशी मिलती है, एक बार विपक्ष को जाकर देखना चाहिए।

भाजपा नेता पूर्व विधायक दिनेश कौशिक, सुभाष हजवाना, सुरेश गर्ग नौच, पूर्व विधायक कुलवंत , ईशम सिंह साकरा, प्रदीप भारद्वाज ढांड, सुरेश संधु, नरेश सहारण, कर्मबीर कौल, प्यारा सरपंच सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी

**पूंडरी।** स्वच्छता अभियान के जिला संयोजक एवं गांव जांबा से सरपंच प्रतिनिधि सतपाल जांबा ने गत देर सांय मुख्यमंत्री नायब सैनी से ढांड में मुलाकात की और उन्हें मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। आज पूंडरी कार्यालय में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के नेतृत्व में भाजपा पार्टी लगातार लोकप्रिय होती जा रही है और आगामी चुनावों में सभी विधानसभाओं में भाजपा की विजयी होगी। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते कहा कि हरियाणा के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर पिछड़े वर्ग को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं एवं नीतियों को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पदचिन्हों पर चलकर आगे बढाकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास करेंगे।



**जींद।** किसान नेता अक्षय नरवाना सहित तीनों के जेल से बाहर आने पर स्वागत करते परिजन। फोटो :हरिभूमि

# अक्षय नरवाल सहित तीन की जमानत याचिका मंजूर

- 13 फरवरी को दातासिंहवाला बार्डर से गिरफ्तार किए थे तीनों

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत 13 फरवरी को पंजाब बॉर्डर पर किसानों और पुलिस के बीच हुए संघर्ष के दौरान दर्ज मुकदमों में आरोपित युवा किसान नेता अक्षय नरवाल, गांव कथूरा सोनीपत निवासी प्रवीन, गांव कोयल निवासी वीरेंद्र को जिला एवं सत्र अदालत से जमानत की मंजूरी मिल गई है। तीनों को 37 दिन बाद जमानत मिली है। पिछले तीन दिनों से जेल के अंदर अनशन पर बैठे अक्षय नरवाल ने वीरवार को जमानत मिलने के बाद शाम साढ़े छह बजे बाहर आकर अनशन तोड़ा। बाहर किसान नेताओं ने उन्हें जूस पिला कर अनशन खत्म करवाया। किसानों ने कहा कि हकों के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी। किसानों के अधिवक्ता सोमदत्त रेढू ने बताया कि तीनों किसान नेताओं को 13 फरवरी को दाता सिंह वाला बॉर्डर से गिरफ्तार गया था और उन पर हत्या के प्रयास सहित 11 अलग-अलग धाराओं में शामिल किया गया था। **यह है मामलाः** गत 13 फरवरी को दातासिंह वाला बॉर्डर पर अक्षय नरवाल समेत चार किसानों के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद अक्षय नरवाल को गिरफ्तार कर लिया था। अक्षय नरवाल की रिहाई की मांग को लेकर सात मार्च को किसानों ने जींद में धरना भी दिया था। इसके बाद पुलिस ने आश्वासन दिया था कि अक्षय नरवाल की जमानत हो जाएगी लेकिन जमानत नहीं हो पाई। चार दिन पहले अक्षय नरवाल ने जेल में अनशन शुरू कर दिया था।

### सोमवार को टली थी रिहाई

किसान नेताओं की सोमवार को रिहाई टलने गई थी। जिस पर मंगलवार को किसान नेत्री प्रियंका खरकरामजी, अक्षय के भाई अजय और एडवोकेट रणबीर नरवाल मीडिया के सामने आए। जाट धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत की और उन्होंने अक्षय की रिकाडिंग सुनाई थी। मामले की बुधवार को अदालत में सुनवाई होनी थी। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर बुधवार को अक्षय नरवाल और उसके साथियों को रिहा नहीं किया गया तो वह बड़ा कदम उठा सकते हैं। वहीं परिजनों के अनुसार अक्षय नरवाल ने कहा था कि जब तक उन्हें रिहा नहीं किया जाता, तब तक वह जेल के अंदर अन्न का एक कण भी ग्रहण नहीं करेंगे। प्रियंका खरकरामजी ने कहा कि अगर 20 मार्च को अक्षय की रिहाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वह जेल के बाहर अनशन भी शुरू कर सकते हैं। वीरवार को माननीय अदालत ने याचिका पर सुनवाई की और उन्हें जमानत पर रिहा किया।

# छात्राओं को अश्लील लिंक भेजने का आरोपित प्राध्यापक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

- अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

छात्राओं के व्हाट्सएप ग्रुप में पॉर्न वीडियो लिंक भेजने के आरोपी राजकीय कन्या कालेज चीका के एक्सटेंशन लेक्चरर जितेंद्र कुमार को चीका पुलिस ने गुहला अदालत में पेश किया। जहां माननीय न्यायाधीश ने उसे 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जितेंद्र कुमार को बुधवार देर शाम चीका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। काबिल जिक्र है कि राजकीय कन्या कॉलेज चीका के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के एक प्राध्यापक जितेंद्र कुमार पर आरोप लगा था कि उसने छात्रों के एक व्हाट्सएप ग्रुप में अश्लील वीडियो का लिंक भेजा है। यह मामला जब सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बना तो लोग जमा होकर सरकारी कन्या कॉलेज पहुंच गए। लोगों ने कालेज प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर उक्त प्राध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो इलाका वासी कॉलेज के गेट पर ताला जड़कर धरना प्रदर्शन शुरू कर देंगे। दबाव में आए कॉलेज प्रशासन ने बुधवार दोपहर को अपनी तीन सदस्य आंतरिक शिकायत कमेटी की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर थाना चीका में एक शिकायत दे दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी प्राध्यापक को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच गुरुवार को डीसी कैथल के आदेश पर कपिल मुनि गवर्नमेंट कॉलेज के प्रिंसिपल एवं सीनियरिटी के आधार पर उच्चतर शिक्षा विभाग चंडीगढ़ के जिला अधिकारी राजेश सैनी ने कन्या कॉलेज चीका का दौरा किया।

### खिलाड़ियों का ट्रायल 27 मार्च कोः रामपाल

जींद। जिला खेल अधिकारी रामपाल ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा के आदेशों की अनुपालना में जिला में नवदीप स्टेडियम नरवाना में एथलैटिक खेल की आवासीय खेल अकादमी हेतु 14 से 23 आयुवर्ग के मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक व प्रतिभागिता तथा जिला, राज्य स्तर की प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का 27 मार्च को प्रातः 9 बजे चयन किया जाएगा।

खिलाड़ियों को ट्रायल हेतु दो रंगीन फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रिहायशी प्रमाणपत्र, शिक्षण संस्थान से संबंधित सत्यापित दस्तावेज की मूल व प्रति साथ लानी होगी।

# मार्केट कमेटी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

- अनाज मंडी में फसल खरीद के दौरान व्यवस्थाएं बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मार्केट कमेटी कार्यालय में ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता।

भारतीय किसान यूनियन ने अनाज मंडी आगामी फसल सीजन को लेकर किसानों को सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर मार्केट कमेटी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि आगामी एक अप्रैल से मंडी में फसल खरीद का कार्य शुरू होगा। प्रशासन समय रहते साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, लाइटिंग का प्रबंध करे। भाकियू युवा अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार, राजेंद्र बीबीपुर, प्रदीप, रामराजी ढुल आदि ने मार्केट कमेटी में सौंपे ज्ञापन में बताया कि सरसों का खरीद कार्य शुरू नही हुआ है, जिसे जल्द शुरू करवाया जाए। एक अप्रैल से गेहूं खरीद कार्य शुरू हो रहा है। इससे पहले ही मंडी में शौचालयों की सफाई करवाई जाए। मंडी परिसर की अच्छे से सफाई करवाई जाए। पीने के पानी को लेकर वाटर कूलर को ठीक करवाया जाए। मंडी में कई जगह सड़कों में गड्ढे हैं, उन्हें ठीक करवाया जाए। बारिश के समय तिरपाल की व्यवस्था करवाई जाए। इसके साथ ही लाइट का प्रबंध किया जाए। भाकियू नेताओं ने कहा कि अगर फसल खरीद के दौरान किसानों को कोई परेशानी आई तो भाकियू आंदोलन से पीछे नही हटेगी।

### एडीसी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक

# पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से सहायता प्रदान की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि अनुसूचित जाति-जनजाति के व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का अत्याचार या दुर्व्यवहार होता है तो पीड़ित परिवार को समयबद्ध तरीके से सहायता प्रदान की जाए। एडीसी वीरवार को डीआरडीए स्थित अपने कार्यालय में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जिला कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में रखे गए एजेंडे की पर विचार विमर्श करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की चालान की प्रति तुरंत जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करवाएं ताकि पीड़ित को शीघ्र अति शीघ्र सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा सके। इसके अलावा केस रद्द होने की स्थित में उसका पूरा विवरण भी साथ भिजवाएं ताकि रद्द हुए केसों के बारे में कारण का पता चल सके। उन्होंने गैर सरकारी सदस्यों को कहा कि वे भी अपने स्तर पर ऐसे मामलों की जानकारी लें ताकि पीड़ित से दबाव में समझौता तो नही करवाय जा रहा है। इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने पर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को अधिनियम के नियमों के अनुसार 85 हजार रुपये से लेकर आठ लाख 25 हजार रुपये तक की राशि ऐसे मामलों के लिए प्रदान की जाती है।



जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक लेते एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएसपी जितेंद्र राणा, महिला महाविद्यालय के प्रिंसिपल जयनारायण गहलोत, उपअधीक्षक आजाद सिंह, कमल चोहान, सुल्तान, दीदार सिंह, अनिल, रोहताश दहिया, अजय कुमार, किरण सैनी मौजूद थी।



**राजौंद।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के सदस्य नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नए डीईओ और डीईईओ का एसो.ने किया स्वागत

**राजौंद।** जिले के नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी व डीईईओ डॉ सरोज दहिया ने कार्यभार संभालने पर। प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो के पदाधिकारियों ने मिठाई खिलाकर व गुलदस्ता भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संगठन के सभी सदस्यों का परिचय भी करवाया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने संगठन को विनम्र आभार प्रकट किया साथ ही निष्ठा पूर्वक कार्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा भविष्य में कोई भी समस्या होने पर समाधान का आश्वासन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संगठन को दिया। बताया कि स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था बनाए रखने और शिक्षकों की समस्या का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। जिला अध्यक्ष अतुल शर्मा, जिला महासचिव सत्यजीत सैनी, चैयरमैन प्रदीप कसान आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 23 को होगा होली मिलन कार्यक्रम

**उचाना।** आगामी 23 मार्च को नागरिक अस्पताल के सामने कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस नेता दिलबाग संडील की अगुवाई में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दिलबाग संडील ने बताया कि पूरे हलके से कांग्रेस कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे। होली के पर्व से पहले होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है ताकि भाईचारे के इस पर्व को सभी एक साथ मिलकर मनाए।

### मां से मारपीट, बेटे समेत नौ के खिलाफ केस दर्ज

**जींद ।** अनाज मंडी सफीदों में महिला के साथ मारपीट करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर आधा दर्जन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी दुर्गा देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा राजेश समेत कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### मकान का ताला तोड़कर नगदी व दस्तावेज चोरी

**जींद।** गांव जामनी में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी तथा दस्तावेजो को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जामनी निवासी राजबीर ने बताया कि वह कमरे में सो गया था। रात को चोरों ने दूसरे कमरों के ताले तोड़ कर 10 हजार रुपये की नगदी, एटीएम कार्ड, समेत अन्य दस्तावेजों को चोरी कर लिया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कल होगी

**जुलाना ।** जुलाना में 23 को रोहित दलाल के कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए कांग्रेस नेता रोहित दलाल ने बताया कि शनिवार को कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक को लेकर ार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। रोहित ने कहा कि भाजपा की नीतियों के चलते हर वर्ग दुखी और त्रस्त है।

### छात्राओं ने बीए की परीक्षा में मारी बाजी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के एसजी कालेज की छात्राओं ने बीए की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कालेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य सरला ने बताया कि कालेज की छात्रा सुजाता ने 81 प्रतिशतए भावना ने 80 प्रतिशतए वंदना ने 79 प्रतिशतए विनती ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्या सरला ने कहा कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं से अन्य छात्राओं को भी प्रेरणा लेनी चाहिए।

### जिंदगी बिना सहयोग के नहीं चल सकती

**उचाना।** बड़ौदा जैन स्थानक में आयोजित धर्म सभा में उत्तर भारतीय प्रवर्तक गुरूदेव सुभद्र मुनि महाराज ने कहा कि मनुष्य ज्ञान के अभाव में जीवन भर दर-दर की ठोकर खाता है। धागे वाली सुई कभी गुम नहीं होती, धागा अर्थात ज्ञान। ज्ञानी जीव भी कभी संसार में नहीं भटकेगा लेकिन प्रश्न यह है कि ज्ञान पैदा कैसे हो। ठोकर खाने के बाद ज्ञान पैदा हो जाता है।

### विश्व दिवस पर छात्राओं ने नाटक का किया मंचन

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा विश्व नाटक दिवस को मनाते हुए संस्कार यात्रा नाटक का प्रस्तुतीकरण दिया गया। संगीत व सांस्कृतिक विभाग के नाटक के पात्रों का अभिनय करते हुए स्नेहा, तनु, नैना, इंदू, विशाखा, संजना, सोनिया, जिया बीए प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्रों ने प्रस्तुतिकरण दिया।

### वालंटियर्स ने सीखा आपदा बचाव

**जींद ।** पंचकूला में आयोजित रा'यस्तरीय कैंप यूथ रेडक्रॉस द्वारा आयोजित किया गया। जींद की टीम का नेतृत्व कर रहे अभिषेक ने बताया कि कैंप में आपदा आने से पहले क्या कर सकते हैं और आपदा आने के बाद क्या करेंगे के बारे मे गहनता से सिखाया गया। बटालियन सात के कमांडर आशित ने अपनी टीम के साथ ट्रेनिंग दी।

---

### टोल पर चला कार्यक्रम, सुबह हिसार के लिए रवाना होंगी अस्थियां


# खटकड़ टोल पर शुभकरण की अस्थियों के लोगों ने किए दर्शन

**किसान पूरा दिन यहां पर जनसभा करते रहे और किसी भी सूरत में किसान आंदोलन को कमजोर नहीं पड़ने देने की वकालत होती रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

किसान शुभकरण की अस्थियां बुधवार देर शाम को दातासिंह वाला बॉर्डर की तरफ से खटकड़ टोल पर पहुंची। वीरवार को दिनभर यहां पर लोग उनकी अस्थियों के दर्शन किए। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। किसान पूरा दिन यहां पर जनसभा करते रहे और किसी भी सूरत में किसान आंदोलन को कमजोर नहीं पड़ने देने की वकालत होती रही। आसपास के गांवों से यहां दिनभर लोग आते रहे और शुभकरण को श्रद्धांजलि देते रहे। खटकड़ टोल पर दिनभर धरना भी जारी रहा। किसानों ने कहा कि जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं हो जातीए वह आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे।

खटकड़ टोल कमेटी सदस्य कैप्टन वेदप्रकाश बरसोला, कैप्टन भूपेंद्र जागलान, हरिकेश काब्रछा ने कहा कि किसानों के लिए बलिदान देने वाले शुभकरण शहीद से कम नहीं हैं। हमेशा ऐसे किसानों को याद रखा जाना चाहिए। इतनी छोटी सी उम्र में ही शुभकरण ने अपना जीवन किसानों के लिए न्यौछावर कर दिया। देश व प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है।



**जींद।** खटकड़ टोल पर किसान शुभकरण को श्रद्धांजलि देने आए किसान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए।

#### गोलियां दागने के बाद भी किसानों के हौंसले कम नहीं

किसानों पर सरेआम गोलियां दागी गई। इस प्रकार गोलियां दागने के बाद भी किसानों के हौंसले कम नहीं हुए। आज भी किसान बॉर्डर पर डटे हुए हैं। सरकार कितने भी जुल्म कर लेए किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को दातासिंह वाला बॉर्डर पर पंजाब के युवा किसान शुभकरण पुलिस की गोली लगने से शहीद हो गए थे। उनकी अस्थियों को पूरे देश में लोगों के दर्शनों के लिए लाया जा रहा है। शुक्रवार को हिसार के माजरा प्याऊ गांव में उनकी अस्थियां ले जाई जाएंगी। यहां पूरे हरियाणा से अस्थी क्लश आएंगे और उनका विजर्सन किया जाएगा। यहां शुक्रवार को एक महापंचायत का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर महेंद्र सहारण, अमरजीत खटकड़, फूल बरसोला, टेकराम छापड़ा भी मौजूद रहे।

---


**जींद।** महिलाओं से आर्शीवाद लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

# केंद्र में फिर बनेगी भाजपा की सरकार : कै. योगेश

- प्रदेश सह संयोजक ने सफीदों में चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

कैप्टन योगेश कुमार प्रदेश सह संयोजक, खेल प्रकोष्ठए हरियाणा ने सफीदों का की कई गांव का दौरा किया उन्होंने बीजेपी के द्वारा किए गए कायोंर् को ग्रामीण वासियों को बताया। उन्होंने कहा तीसरी बार भी मोदी सरकार आ रही है अबकी बार बीजेपी 400 से 'यादा सीट लेगी और ग्रामीण वासियों के साथ मिलकर होली का त्योहार खेला गया उन्होंने कहा सभी ग्रामीण वासी आपसी मतभेद बोल कर एक साथ होली मनाए और इसी प्रकार सभी मिलकर नरेंद्र मोदी को और मजबूत करें। गांव-गांव जाकर में मोदी को मजबूत करने का कार्य करता रहूंगा। और सभी ग्रामीण वासियों के साथ कैप्टन योगेश कुमार ने होली का त्यौहार मनाया सभी ग्रामीण वासियों को कैप्टन योगेश कुमार ने होली की मुबारकबाद दी। उन्होंने साथ की साथ कहा कि बीजेपी पार्टी जो भी जिम्मेवारी हमारी लगाएगी मैं उस उसे जिम्मेवारी के लिए पूर्ण रूप से तैयार हूं। कैप्टन योगेश कुमार अभी प्रदेश सह संयोजक, खेल प्रकोष्ठ हरियाणा पद पर हैं और बीजेपी को सफीदों में मजबूत करने का कार्य करता रहूंगा लोकसभा में बीजेपी किसी को भी टिकट दे वह एक तरफा जीत कर मोदी को मजबूत करेगा उन्होंने कहा रंगों की बौछार अबकी बार 400 पार कैप्टन योगेश ने गांव टीटोखेड़ी, खरकगागर व हाट में जनसभा की।

---

# पायल की टीम प्रथम, पूनम की टीम ने पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नरवाना

- जलवायु संकट व ग्लोबल वार्मिंग आदि के खतरों से अवगत करवाया

केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के ज्योग्राफी विभाग द्वारा भाषण प्रतियोगिता पोस्टर मेकिंग व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने बदलते भौगोलिक परिवेश पर चर्चा करते हुए जलवायु संकट व ग्लोबल वार्मिंग आदि के खतरों से अवगत करवाया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रोफेसर गुरजीत के निर्देशन में ज्योग्राफी के प्रश्नों पर आयोजित किया गया। जिसमें पायल की टीम ने प्रथम, पूनम की टीम ने द्वितीय तथा मंजू की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर शैलेंद्र के निर्देशन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए द्वितीय वर्ष के विकास ने प्रथम, अनिल ने द्वितीय तथा मलकीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर राममेहर के निर्देशन में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जलवायु के बदलते स्वरुप व नशा मुक्ति को मुख्य विषय बनाया। इसमें प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष के राजीव को कोमल व मनीषा को द्वितीय तथा अमन व मंजिल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ज्योग्राफी विभाग अध्यक्ष कविता रोहिला ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा इस तरह के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।


**जींद।** प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए प्रतिभागी।



### विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चल रहे सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन की शुरुआत में सभी स्वयंसेविकाओं ने मिलकर गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास के ऑफिसर डॉक्टर कांता यादव मुख्य मेहमान रहे। एनएसएस सॉन्ग व नुक्कड़ नाटक से की गई तथा इसमें डांस सिंगिंग व कविता सुनाई गई थी।सभी विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा अंत में मतदाता शपथ लेकर व नोट मी बट यू का नारा लगा कर कार्यक्रम को विराम दिया गया। माधव नेत्र संस्थान से आए डॉक्टर वासुदेव बंसल व उनके साथ डॉक्टर सतपाल शर्मा ने कहा कि नेत्र समस्या आजकल के जीवन में बहुत ही आम बात हो गई है जिसके बाद आंखों की समस्याओं के बारे में बात की।

# योग सहायकों के लिए कार्यक्रम आयोजित

- योग सहायकों ने किया ध्यान का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आयुष विभाग जिला जींद में कार्यरत योग सहायकों के लिए योग प्रशिक्षण दिवस कार्यक्रम व मासिक बैठक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुष विंग जींद के योग पिरामिड में आयोजित हुआ।

इसमें साइकोलॉजिस्ट डा. नरेश जागलान के द्वारा ध्यान योग शिविर का आयोजन किया गया। योग सहायकों को ध्यान का अभ्यास करवाया। अभ्यास के उपरांत डा. नरेश जागलान ने प्रतिभागियों से अभ्यास के अनुभव पूछे तो प्रत्येक ने ध्यान को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। ध्यान निरंतर मनुष्य में धैर्य की भावना को बढ़ाता है।


**जींद।** कार्यक्रम को संबोधित करते मनोवैज्ञानिक। *फोटो :हरिभूमि*

मनोवैज्ञानिक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन ध्यान का अभ्यास करना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक योग सहायक पहले खुद ध्यान का अभ्यास करेंए फिर किसी और को ध्यान का अभ्यास करवाएं। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ गोविंदा ने ध्यान को व्यायामशाला में आयोजित सत्र में शामिल किए जाने के निर्देश दिए। जिला योग कॉआर्डिनेटर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डा. योगेश कुमार ने योग सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी अमित रोहिला के मार्गदर्शनी में हर महीने योग प्रशिक्षण दिवस शिविर में योग से संबंधित जानकारी रिफ्रेश हो जाती है व नई जानकारी भी प्राप्त हो जाती है उसका लाभ व्यायामशाला में आने वाले प्रत्येक योग साधक को दिया जाना चाहिए व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार की हरियाणा वासियों के स्वास्थ्य रक्षण के लिए चलाई गई। इस महत्वपूर्ण योजना को सफल बनाया जाना चाहिए।

---


**जींद।** निशान यात्रा के दौरान ध्वजा उठाए श्रद्धालु। *फोटो :हरिभूमि*

### 25वां फाल्गुन महोत्सव उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**जींद।** श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा 25वां फाल्गुन महोत्सव बड़े ही उत्साह व हषारे्ल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस सात दिवसीय श्री श्याम बाबा के उत्सव में जहां दूसरे दिन एकादशी संकीर्तन का आयोजन मंदिर प्रांगण में किया गया वहीं तीसरे दिन वीरवार को ष्बाबा का नगर भ्रमण एवं विशाल निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा का प्रारंभ सेवा सदन, गांधी नगर से किया गया। इसके बाद स्कीम नंबर 5, रानी तालाब, पालिका बाजार, बैंक रोड, जनता बाजार से होते हुए श्री श्याम मंदिर में समापन किया गया। इस यात्रा में बतौर मुख्यअतिथि रमेश सहरावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुनील गोयल ने की। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर व पटका पहनाकर संस्था की तरफ से सम्मानित किया गया। यात्रा में भक्तों द्वारा निशान लेकर बाबा के जयकारे लगाते हुए नाचते, गाते आनंद लिया गया। संस्था के प्रधान सेवक योगेश गोयल ने बताया कि यह कार्यक्रम लगातार सात दिन चलेगा तथा शहर एवं आसपास के सभी भक्तजन सभी कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, संजय गोयल, मुकेश बंसल, अशोक सेतिया, रामधन जैन, विकास मित्तल, आकाश गोयल, नवीन कुमार इत्यादि अनेकों श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# छात्राओं ने खेली होली

- सीआरएसयू में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

शिक्षण संस्थानों में होल पर्व मनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। राजकीय महिला कॉलेज में वीरवार को छात्रों ने अपने सहपाठियों के साथ होली खेली। कॉलेज परिसर में छात्राओं ने एक-दूसरे को रंग लगाते हुए नजर आई। छात्राओं ने अपने सहपाठी दोस्तों को होली की बधाई दी और कुछ समय होली खेल कर अपने घरों को वापस लौट गई। नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि होली खेलने के पहले ही अपने बालों सहित पूरी त्वचा पर सरसो का तेल लगाएं और होली खेल कर नहाने के बाद नारियल या बादाम का तेल लगाएं। इससे त्वचा को नुकसान कम से कम पहुंचेगा और बाद में त्वचा को पर्याप्त नमी व पोषण भी मिल पाएगा। होली खेलते समय यदि रंग या गुलाल आंखों या मुंह में जाता है तो तुरंत सबसे पहले साफ पानी से सफाई करें।


**जींद।** होली खेलते हुए छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

#### सीआरएसयू में होली मिलन समारोह का आयोजन

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में होली की छुट्टी के पूर्व कार्य दिवस पर वीरवार को कॉन्फ्रेंस हाल में कुलपति डा. रणपाल सिंह की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कुलपति ने सीआरएसयू के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों को होली की बधाई और कहा कि होली के रंगों के समान आप सभी के जीवन में भी प्रसन्नता और खुशहाली आए।


**जींद।** प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### केएम महाविद्यालय में लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना।** केएम राजकीय महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा कविता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन विभाग अध्यक्ष डॉ रुचिका जुनेजा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक रोमांचक विषय है, इसके प्रयोग के माध्यम से जीवन को सरल बनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा गणित पर आधारित कविताएं पेश की गई तथा निबंध लेखन किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में पहला स्थान मोनिया, सलिमन दूसरे स्थान पर तथा नैंसी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कविता गायन में नीरज प्रथम, तान्या दूसरे तथा श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक म ंडल की भूमिका प्रोफेसर मधु, सविता व नेहा ने निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोफेसर निवेदिता व अनुप मौण का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

### राजकीय महाविद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

# महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

राजकीय महाविद्यालय के वनस्पति विभाग के द्वारा प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वन दिवस को हर साल 21 मार्च को मानवता और ग्रह का अस्तित्व बचाये रखने और वनों, पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वन हमारे अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमें वनों का संरक्षण करना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा चंपा, चांदनी, ग्वारपट्ठा, पत्थरचट, मनी प्लांट, फैन पाम, स्नेक प्लांट, आम व जामुन इत्यादि पौधों का रोपण किया गया। वनस्पति विभाग की प्राध्यापिका डा. सविता ने कहा कि वन हमारे जीवन का अहम अंग है। वनस्पति विभाग के प्राध्यापक सतप्रकाश ने बच्चों से पौधारोपण से लेकर उनकी देखभाल व समय से पानी देने का भी वादा लिया। इस अवसर पर वनस्पति विभाग की विभाग अध्यक्ष रितु, डा. सविता, सतप्रकाश, नीतू व विजयवीर मौजूद रहे।


**जींद।** महाविद्यालय परिसर में पौधे रोपित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया

राजकीय महाविद्यालय के युवा भूगोल क्लब के तत्वाधान में विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया गया। जिसके तहत क्या जलवायु परिवर्तन मानव के अनुकूल है या प्रतिकूल पर वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में 16 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉमर्स विभग से मनीष कुमा, हिंदी विभाग से शीला दहिया, मनोविज्ञान विभाग से प्रेम पूनम ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में अमन एवं योगेश ने प्रथम, अमन एवं प्रियंका ने द्वितीय व गौरव एवं राहुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने विधार्थियो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कालेज में पूरा साल विभिन्न गतिविधियों को करवाया जाता है। इन सब गतिविधियों में विद्यार्थियों को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए ताकि उनका सवांर्गीण विकास हो सके।


**जींद।** शिविर में भाग लेते हुए स्वयंसेवक। *फोटो :हरिभूमि*

### स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा के उद्देश्य के बारे में बताया

**उचाना।** सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय उचाना मंडी में 16 मार्च से 22 मार्च तक चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप में वीरवार को प्रातःकालीन सत्र में सीआरएसयू जींद से एनएसएस कोऑर्डिनेटर डा. जितेंद्र कुमार मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुए। डा. जितेंद्र जी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के बारे में बताते हुए एनएसएस वालंटियर का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों को एनएसएस कैंप के बारे में बताते हुए उनकी दिनचर्या एवं कर्तव्यों से अवगत कराया। सायंकालीन सत्र में उचाना मंडल के एसडीएम गुलजार मलिक मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित हुए। एसडीएम ने छात्राओं को शिक्षा, संस्कार, प्रतिभा एवं आगे बढ़ाने के अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम ने महाविद्यालय प्रांगण में पौधा लगा कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डा. उमेश कुमार ने की। इस अवसर पर प्राचार्य धर्मवीर, 'योति, राजबाला, पूनम, वीरेंद्र, सुरेंद्र एवं समस्त स्टाफ सदस्य व एनएसएस वालंटियर उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता युक्त अनाज पैदा करने की जरूरत

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 13 की प्रजापत चौपाल में कृषि विज्ञान केंद्र कैथल द्वारा ज्योति ग्रामीण विकास मंडल जखोली के सहयोग से खंड स्तरीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ रमेश वर्मा ने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं पुरुषों व किसानों को जागरूक किया।

### ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर पाडला का दौरा

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज की एनएसएस टीम द्वारा शिविर के चौथे दिन का शुभारंभ राजकीय प्राथमिक स्कूल शेरगढ़, कैथल में हुआ। इस शिविर की शुरूआत एन.एस.एस की प्रार्थना एवं गीत के साथ की गई। इसके बाद सूर्य नमस्कार व योग करवाया गया। इस शिविर का मुख्य थीम आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत है।

### मुख्यमंत्री सौंदर्यकरण में कन्या विद्यालय रहा प्रथम

**राजौंद।** राजौंद के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुख्यमंत्री सौंदर्य करण में जिला स्तर पर प्रथम स्थान आने पर स्टाफ सदस्यों ने खुशी प्रकट की। स्कूल के प्रधानाचार्य अजय मलिक ने बताया कि उनके स्कूल को पहले खंड स्तर पर प्रथम चुना गया था और अब उनके स्कूल को मुख्यमंत्री सौंदर्य करण में जिला में प्रथम चुना गया है।

### गेंहू की तुलाई व बारदाना मुहैया करवाए सरकार

**कैथल।** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के युवा प्रदेशाध्यक्ष विक्रम कसाना एडवोकेट ने कहा कि सरकार की बेरुखी के कारण किसानो की सरसो को मडियो मे बुरी तरह से लुटा जा रहा है।बस स्टैंड स्थित भाकियू कार्यालय मे पत्रकारो से बातचीत करते हुए उन्होने कहा कि सरकारी खरीद ना होने के कारण किसानो को औने-पौने दामो पर सरसो बेचने पर मजबूर होना पड रहा है।

### अभय चौटाला के दौरे को सफल बनाने हेतु की बैठक

**गुहला-चीका।** आज यहां एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर गुहला इनैलो की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता गुहला इनैलो प्रधान डाक्टर साहब सिंह संधू ने की। बैठक में अभय चौटाला के गुहला के दौरे को सफल बनाने हेतु कार्यकताअरं की ड्यूटियां लगाई गई व सभा स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया गया।

### लोगों को भाजपा पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगे

**पूंडरी।** नगरपालिका पूंडरी के वाइस चेयरमैन रहे जयपाल उर्फ बोबी सैनी ने गत दिवस भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के अभिनंदन समारोह की सफलता पर कार्यक्रम में आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया है। आज पूंडरी कार्यालय में बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वे भाजपा पार्टी में पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करते हुए ग्रामीणों व पूंडरी शहरवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पार्टी के साथ जोड़ने का काम करेंगे।

## प्रतियोगिता में लड़कियों की भागीदारी रही लड़कों से ज्यादा

# मुक्केबाजी प्रतियोगिता में वीरवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन सैमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गये। लड़कियों के 12 भार वर्गो में फाइनल मुकाबले हुए। आज की प्रतियोगिता का शुभारंभ उच्चतर शिक्षा निदेशालय से आये सहायक निदेशक (खेल) डॉ. दीपक संधु व पर्यवेक्षक डॉ. उपेन्द्र, एसोसिएट प्रोफैसर ने प्राचार्य ड़ॉ. मनोज कुमार भाम्भू के साथ मिल कर मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. दीपक संधु ने अपने संबोधन में खिलाडियों से कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इनके बिना युवाओं का सर्वांगिण विकास नामुमकिन है। इसलिए युवाओं को शिक्षा के साथ साथ खेलों के प्रति भी जागरूक होने की विशेष आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला के द्वारा प्रतिवर्ष इस प्रकार की प्रतियोगिता को प्रायोजित किया जाता है ताकि युवाओं में खेल प्रतिस्पर्धा बढ़े। प्रचार्य डॉ. मनोज कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा विभाग के इस प्रयास से युवाओं को अपना खेल कौशल बढाने में सहयोग मिल रहा है। विशेष कर महिला खिलाड़ियों को विश्व मंच पर अपना दमखम दिखाने के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के संयोजक ड़ॉ. सुशील कुमार ने बताया कि इस महाविद्यालय में पहली बार राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिससे यहा के खेल प्रेमियों को खेलों के प्रति नये आयाम प्राप्त हो रहें है। प्रतिस्पर्धा में निर्णायक मण्डल में प्रशिक्षक एवं अधिकारीगण में डॉ. बृजेन्द्र सिंह ढाण्डा, डॉ. विक्रम ढुल, श्री अमरजीत सिंह, श्री रणधीर ढाण्डा, श्री सुनिल डांगी, सुनील, महेन्द्र, नीरज, सत्येवान, रणधीर, वेदप्रकाश , देवेन्द्र एवं स्वीटी ने खेल कौशल को बारिकी से अवलोकित कर सही एवं स्टीक निर्णय देकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।



कैथल। राजकीय कालेज के प्राचार्य डा. मनोज बांभू प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### यूं रहे लड़कियों के मुकाबले

▶▶|48-50 किलो भार वर्ग में सिनेहा, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल को हरा कर भारती, राजकीय महाविद्यालय, सांपला ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|50-52 किलो भार वर्ग में सलोनि, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल को हरा कर नीतू, सीआरएम, जाट कॉलेज, हिसार ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|52-54 किलो भार वर्ग में सोनिका, राजकीय कन्या महाविद्यालय, लौहारू को हरा कर निकिता, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|54-57 किलो भार वर्ग में प्रीति, डीसीएस, गोहाना को हरा कर हर्षी, राजकीय महाविद्यालय, सांपला ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|57-60 किलो भार वर्ग में अंजली, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल को हरा कर अलिसा, बीपीएसएस, सोनीपत ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|60-63 किलो भार वर्ग में सोनम, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल को हरा कर पूजा, आईजी, टोहाना ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|63-66 किलो भार वर्ग में हेमलता, जीजेयू, हिसार को हरा कर परिया, जेएन, करनाल ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|66-70 किलो भार वर्ग में नेहा, जीसीजीजीएन को हरा कर मीनू, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|70-75 किलो भार वर्ग में नेहा, जीसीजीजीएन को हरा कर लक्की, ओडीएम, मुकलान ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|75-81 किलो भार वर्ग में निर्मल, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल को हरा कर रीतू, एसडी, नरवाना ने स्वर्ण पदक जीता।

▶▶|81से अधिक भारवर्ग किलो भार वर्ग में महक, राजकीय महाविद्यालय, रोहतक को हरा कर स्वाति, एसडी, नरवाना ने स्वर्ण पदक जीता।

# कलायत में मुख संघन जांच शिविर लगाया

- वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा.बृज मोहन सिंघल ने नागरिकों को दिया स्वास्थ्य का मूल मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



कलायत। उप मंडल नागरिक अस्पताल में मुख जागरूकता अभियान की शुरूआत करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मी।

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस उपलक्ष्य में कलायत के उप मंडल नागरिक अस्पताल के साथ-साथ क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों व आंगनबाड़ी केंद्रों में मुख जांच जागरूकता अभियान चलाया गया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. बृजमोहन सिंघल के नेतृत्व में चले इस अभियान में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गो, बच्चों व युवाओं के मुख की जांच की गई। तय कार्ययोजना के अनुसार जनरल वार्ड, ओपीडी, गायनी एवं रजिस्ट्रेशन व अन्य काउंटर पर रोगियों को मुख की जांच कर उचित सलाह दी गई। इसके साथ ही कलायत के आंगनबाड़ी केंद्रों में यह अभियान संघन रूप से चला। वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा.बृज मोहन सिंघल ने कहा कि मुख ही स्वस्थ जीवन का आधार है। मुख का शारीरिक स्वास्थ्य से सीधा संबंध है। इसलिए दांतों और मसूड़ों की बीमारियां शरीर की कई भयंकर बीमारियों का कारण बन सकती है। ऐसे में मुख स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच करवाते रहना चाहिए।

### हिंदी भाषा खेल किट पोर्टल पर अपलोड

**कैथल।** आरोही आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग,जिला कैथल हरियाणा में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्व में हो रहे अनुसंधान यह कहते हैं कि बच्चों के प्रारम्भिक 8 वर्षों तक मस्तिष्क का विकास बहुत तेजी से होता है जो संज्ञानात्मक और सामाजिक-भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है। जिसे वे खेलझखेल में बेहतर विकसित कर सकते हैं।यह भी उल्लेखनीय है कि इस उम्र का सीखना जीवन भर सीखने का नींव साबित होती है जो एक अच्छा वयस्क जीवन के लिए जरूरी होता है। नई शिक्षा नीति में भी जोर देकर कहा गया है कि बच्चे खेलों एवं गतिविधियों के माध्यम से सीखते हैं,खेल में वे स्वयं नियमों का निर्माण करते हैं,पहले से बने नियमों को खोज लेते हैं।

# पेंशनरों की लंबित मांगों खामियाजा भुगतेगी सरकार



ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी मीटिंग करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में पेंशनर्ज की एक भी मांग पर बातचीत करने के लिए पेंशनरों की यूनियन को नहीं बुलाया।इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा वर्तमान सरकार के सभी प्रत्याशियों का डटकर विरोध करेगी व इंडिया गठबंधनके प्रत्याशियों को जिताने में सहयोग करेगी। उक्त जानकारी पत्रकारों को देते हुए ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारियों के राज्य कन्वीनर कुलभूषण शर्मा ने बताया कि वर्तमान सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और अब वर्तमान में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर्मचारी विरोधी रवैया रखते हैं और किसी भी कर्मचारी संगठन से या रिटायर्ड कर्मचारी संगठनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का हल नहीं निकालते।

### इंडिया गठबंधन के सांझे प्रत्याशी पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया

**कैथल।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रदेश के साथ-साथ जिले में 16 मार्च से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू कर दी गई है। सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशियों ने चुनावी बिगुल बजते ही अपना चुनाव प्रचार जोर-शोर से शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी मुख्य पार्टियों द्वारा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी द्वारा कुरूक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से डा. सुशील गुप्ता को प्रत्याशी बनाया गया है। आदर्श चुनाव आचार संहिता की बात की जाए तो चुनाव प्रचार में प्रयुक्त किए जाने वाहनों के लिए पार्टी प्रत्याशी को जिला चुनाव अधिकारी या सहायक चुनाव अधिकारी से परमिशन लेनी अनिवार्य होती है। यही नहीं इस बार चुनाव आयोग द्वारा पार्टी प्रत्याशियों को चुनावी खर्च संबंधित बिलों की अदायगी भी ट्रेरजरी के माध्यम से की जानी अनिवार्य किया गया है। पार्टी प्रत्याशियों द्वारा चुनाव को लेकर किए जा रहे प्रबंधों व चुनाव प्रचार के वाहनों पर नजर रखने के लिए जोनल मजिस्ट्रेट, डयूटी मजिस्ट्रेट सहित विभिन्न अधिकारियों की नियुक्ति की हुई है जो दिन रात एक कर चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। हरिभूमि टीम द्वारा दौरा करने पर पाया गया कि इंडिया गठबंधन के सांझे प्रत्याशी डा. सुशील गुप्ता पिछले 10 दिनों ने दिन रात कैथल जिले के विभिन्न गांवों में जनसभा कर चुनाव प्रचार करने में जुटे हैं। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उनकी जनसभा में जनता को उन्हें वोट देने की अपील कर रहे हैं। हैरत की बात है कि डा. सुशील गुप्ता के चुनावी काफिले में करीब एक दर्जन कार व अन्य वाहन प्रयोग में लाए जा रहे हैं। इन वाहनों पर प्रतिदिन लाखों रुपये की राशि खर्च की जा रही है लेकिन इसका कहीं भी इंद्राज नहीं है क्योंकि डा. सुशील गुप्ता द्वारा इन वाहनों को प्रयोग हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी कैथल से कोई अनुमति नहीं ली है। इससे स्पष्ट है कि वे सरेआम आदर्श चुनाव आचार संहिता को ठेंगा दिखा रहे हैं।

# आरकेएसडी कॉलेज ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के साथ किया समझौता

- आईपीपीबी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के पदाधिकारी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक साथ समझौता करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आईपीपीबी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर सहमति व्यक्त की है, जो कि संचार मंत्रालय के तहत डाक विभाग के माध्यम से भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है, जो आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के परिसर और बाहर के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न इंटर्नशिप/औद्योगिक/व्यावसायिक प्रशिक्षण/संकाय विकास कार्यक्रमों को मान्यता देने और संचालित करने के लिए है। चूंकि पक्षों ने इस मामले में प्रारंभिक चर्चा की है और व्यापक सहमति के क्षेत्रों का पता लगाया है। इसलिए, अब पक्ष इस समझौता ज्ञापन के तहत सहमति के इन क्षेत्रों को लिखित रूप में शामिल करने के लिए सहमत हो गए हैं। दोनों संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन का उद्देश्य छात्रों को अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना, छात्रों को वास्तविक समय बैंकिंग अनुभव में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने में सहायता करना, छात्रों और संकायों को शिक्षित करने के लिए विभिन्न वित्तीय साक्षरता शिविर और सेमिनार आयोजित करना आईपीपीबी छात्रों, शोधकताअरं और शिक्षकों को इंटर्नशिप और अन्य परियोजना के अवसर प्रदान करके अपनी वित्तीय दक्षताओं को विकसित करने के अवसर प्रदान करेगा, कॉलेज के सहयोग से कार्यशालाएं, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि आयोजित करेगा, छात्रों को पेशेवरों के साथ बातचीत के माध्यम से अपने कौशल को बढ़ाने के लिए सही प्रदर्शन प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा, इंटर्नशिप के आधार पर परियोजनाएं लेने के लिए छात्रों का समर्थन करेगा, प्रशिक्षण अनुभव में छात्रों के प्रदर्शन के मूल्यांकन में सहायता करेगा, छात्र की उपस्थिति को सत्यापित करने के लिए साप्ताहिक कार्य रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करेगा।

### होर्डिंग लगाने के लिए स्थान किए निर्धारित

**कैथल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्षता के करवाने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्प है। जिला में आदर्श चुनाव संहिता की पालना सुनिश्चित की जा रही है। जनसभाओं व प्रचार होर्डिंग लगाने के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही जनसभा एवं चुनाव प्रचार-प्रसार सामग्री चस्पा सकते हैं। नियमों की उल्लंघना पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कैथल विधानसभा क्षेत्र की सहायक रिटर्निंग अधिकारी ब्रह्म प्रकाश ने बताया कि कैथल शहरी क्षेत्र तथा गांवों में जनसभा व होर्डिंग के लिए स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं।

# निपुण टीचर एप पर परिणाम अपलोड करें

- निपुण हरियाणा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के पदाधिकारी इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक साथ समझौता करते हुए। फोटो :हरिभूमि

राजौंद के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में निपुण के अन्तर्गत बीपीआईयू की मासिक बैठक का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में बी पी आई यू खंड नोडल अधिकारी अशोक कुमार द्वारा खंड के सभी संबंधित विद्यालयों के मुखियाओं को निपुण हरियाणा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने सभी मुखियाओं से कहा की आप सभी को अपने अन्तर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में शिक्षक निपुण टीचर एप पर सभी विद्यार्थियों का परिणाम अपलोड करना है और शिक्षक संदर्शिका, वर्कबुक, पाठ्य पुस्तकों को पूर्णतः लागू करवाना है। उन्होंने कहा कि सुपरविजन डायरी जरूर बनाकर रखें। सभी विद्यालय 23 मार्च से शुरू होने वाले प्रवेश उत्सव में घर दूघर जाकर नॉन स्टार्टर और ड्रॉप आउट विद्यार्थियों को विद्यालय लाने का काम करें ताकि हर गांव का हर एक बच्चा विद्यालय पहुंच कर शिक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि उल्लास कार्यक्रम में जिन विद्यालयों ने अभी तक सर्वे नहीं किया है वह शीघ्र अपना झक्त्रझस्सर्वे पूर्ण करें। उन्होंने एनएसक्यूफण के बारे में वर्णन करते हुए सभी विद्यार्थियों और उनके माता पिता को स्किल एजुकेशन के लिए प्रेरित करें ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्किल एजुकेशन प्राप्त कर सकें।

### श्री श्री सिद्ध बाबा टंडू नाथ महोत्सव में रहेगी धूम

**कलायत।** कलायत के गांव कैलरम में श्री श्री सिद्ध बाबा ठंडू नाथ प्राचीन धार्मिक डेरे के एक सप्ताह चलने वाले वार्षिक महोत्सव को लेकर विभिन्न आयोजनों का सिलसिला तेज हो गया है। इस कड़ी में 1101 कलशों के साथ महिलाओं ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इसमें बड़ी संख्या में बड़े-बुजुर्ग, बच्चे और युवा शामिल हुए। उत्सव के समापन अवसर पर 27 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। इसके लिए कैलरम व पड़ोसी गांव तितरम को चूल्हा न्यौता दिया गया। महंत योगी बालक नाथ के मार्ग दर्शन में यह धार्मिक महाकुंभ चल रहा है। महंत योगी बालक नाथ ने बताया कि उत्सव के चलते संपूर्ण गांव धर्मनगरी में तबदील है। 27 मार्च तक गांव में शराब पीने और पिलाने पर पूर्णत प्रतिबंध आयत किया गया है।

# गुलशन ने फिल्म निर्माण का किया सफर शुरू

- विधायक लीला राम और हाफेड चेयरमैन फिल्म के प्रीमियर में अतिथि होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। मिनी पोस्टर रिलीज करते हुए गुलशन मदान

कैथल के निवासी प्रसिद्ध गजलकार गुलशन मदान के बैनर तले बनी फिल्म /"राशिफल/" 22 मार्च को पद्मा सिने स्क्वेयर मॉल में शाम 5 बजे रिलीज होगी। स्थानीय विधायक लीला राम व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत फिल्म के प्रीमियर पर बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। गुलशन मदान ही इस फिल्म के प्रोड्यूसर डायरेक्टर और गीतकार हैं। प्रेस से रूबरू होते हुए गुलशन मदान ने फिल्म निर्माण तक के सफर का खुलासा करते हुए बताया कि भारतीय स्टेट बैंक से मुंबई प्रवास के दौरान सेवानिवृत होने के बाद अपने साहित्य लेखन के सफर को आगे बढ़ाया और कई गीत लिखे जो साधना सरगम और मिताली भूपेंद्र जैसे जाने माने गायकों की आवाज में गाए गए। इस दौरान फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों से संपर्क हुआ तो मन में फिल्म बनाने के सपने को साकार करने का रास्ता मिला। पहली फिल्म होने के कारण कई बाधाएं और परेशानियों से गुजरना पड़ा जो मुंबई में रहते हर फिल्मकार के सामने आती है लेकिन सभी साथियों और बॉलीवुड से बतौर डायरेक्टर लंबे समय से जुड़े मेरे दामाद के सहयोग से आखिरकार फिल्म मुकम्मल हुई जो 22 मार्च शाम 5 बजे रिलीज को तैयार है।

# शिक्षा भारती के बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में शिक्षा भारती 38 छात्र छात्राओं ने की परीक्षा पास, ऑल इंडिया स्तर पर हुई प्रवेश परीक्षा में हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसमें से शिक्षा भारती के कक्षा छठी के 20 बच्चे एवं कक्षा नौवीं की 18 बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पास की है। जिसमें कक्षा छठी की उपेक्षा, हर्षित , यशप्रीत, यश, नीतिका, रीत, गौरी, करिष, गौरव, भूपेश, आयूष, आशिष, केविन, वंश, दक्ष, गुरजीत, अंशिका, प्रयांशु, अक्षित, जानवी और कक्षा नौवीं के लोकेंद्र, आर्यन, साक्षी, कोमल , अन्नू, मन्नत , निशु, अंशिका, सिमरन, निकिता विनय, अरमान, ईशांत, अर्पित, काफि, उज्वल आदि ने विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। इन सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह ने बधाई दी और उन्हें पारितोषिक देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक जितेंद्र सिंह ने कहा की प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है। और उन्हे आगे बढने की प्रेरणा मिलती है।

रैली

## दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने जागरूक रैली का आयोजन गुहला तक किया

# हरिओम शोकल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को योग की दी ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका





गुहला चीका। पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित करते पदाधिकारी तथा उपस्थित स्वयंसेवक। फोटो :हरिभूमि

डी.ए.वी. कॉलेज चीका की एनएसएस इकाइयों द्वारा सात दिवसीय शिविर के 7वें अंतिम दिन प्रथम सत्र में पतंजली योग सोसाइटी कैथल से योग आचार्य श्री हरिओम शोकल ने एनएसएस स्वयंसेवकों को योग की ट्रेनिंग दी। इसमें योग का अर्थ तथा शरीर मे उसकी उपयोगिता के माध्यम से उपचार के बारे में स्वयंसेवकों को बताया गया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवकों ने जागरूक रैली का आयोजन गुहला तक किया। इसके तहत विद्यार्थियों ने सामाजिक बुराइयों का विरोध व सरकारी योजनाओं जैसे परिवार पहचान पत्र, वोटर आईडी, बैंक अकाउंट, आधार कार्ड, बेटी बचाओ अभियान, भ्रूण हत्या निषेध, बाल विवाह की हानियां तथा स्वस्थ जीवन व आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के अलावा केंद्र व राज्य सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया ।तीसरे सत्र मे कैंथल थाने के इंस्पेक्टर श्री रमेश कुमार नें स्वयंसेवकों को ट्रैफिक रूल्स, [ १, ड्राइविंग लाइसंस, नशा, भयमुक्त वातावरण, महिलाओ को अधिकार, पुलिस सेवा 112 की जानकारी दी। शिविर के अंतिम सत्र मे डी ए वी चीका से हिंदी विभाग के पूर्व प्राध्यापक मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण कुमार मोदीगिल नें शिरकत की और उनका स्वागत कॉलेज के कार्यकारी प्रिंसिपल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया इसके बाद प्रोग्राम अधिकारी डॉ विरेंन्द्र पाल नें प्रोग्राम को आगे जारी रखा।

## खबर संक्षेप

### 23 मार्च को मनाया जाएगा शहीदी दिवस

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के सौजन्य से 23 मार्च 2024 दिन शनिवार प्रातः 9:00 बजे हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर हमारे देश के जांबाज वीर सपूत अमर शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव का शहीदी दिवस मनाया जाएगा। एसोसिएशन प्रधान हवलदार जगजीत फौजी ने दी जानकारी।

### नशा न करने के बारे में किया जागरूक

**कैथल।** पुलिस टीम द्वारा कैथल में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा गांव लाम्बा खेड़ी में ग्रामीणों व कलायत में ट्रक व कार ड्राइवरो सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

### चुनाव आचार संहिता के नियमों की करें पालना

**जींद।** जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने जिला के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई हिदायतों की अनुपालना में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 (क) के नियमों का पालन करते हुए चुनाव के दौरान सभी राजनीतिक पार्टियों के पोस्टर एवं पंपलेट प्रकाशित करें।

### महिलाएं हर क्षेत्र में सुधार रहीं भविष्य

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा अलेवा गांव में चल रहा छह दिवसीय सामान्य ईडीपी कार्यक्रम का वीरवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण शिविर 16 से 21 मार्च तक हुआ। इसमें 34 महिलाओं ने भाग लिया व प्रशिक्षण को 32 महिलाओं ने सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक जगदीश रेढू ने शिरकत की।

### विशंभर को राज्यमंत्री बनाने पर जताया आभार

**उचाना।** भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई समर्थक भाजपा नेता रमेश राणा ने कहा है कि अनुसूचित जाति में वाल्मीकि समाज का वोटों की दृष्टि से भी भारतीय जनता पार्टी में काफी योगदान हमेशा रहा इसलिए वाल्मीकि समाज चाहता था कि हमारे समाज से भी लोकसभा, राज्यसभा में किसी एक व्यक्ति को जगह मिले।

### आचार संहिता ईमानदारी से अनुपालना करें

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा कर दी है, जिसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने अपील की कि हर कोई आचार संहिता की पूर्ण ईमानदारी से अनुपालना करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव की नोटिफिकेशन 29 अप्रैल को होगी। जिसके साथ ही नामांकन जमा करने की शुरुआत होगी। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि छह मई है।

## मिली राहत: पंजाब जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी

# सवा महीने से बंद लुधियाना पटियाला-संगरूर रूट बहाल

**खास बातें**

- फिलहाल बसें डायवर्ट रूट से चलेंगी
- जींद डिपो ने पंजाब जाने वाली बसों का बनाया टाइम टेबल
- मार्च माह की शुरूआत में आई 11 बसों की पासिंग हुई


जींद बस अड्डा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। किसान आंदोलन के चलते पिछले लगभग सवा महीने से बंद पड़े लुधियाना, पटियाला व संगरूर रूट पर बसों का संचालन गुरुवार से शुरू हो गया है। दोपहर बाद दो बजकर दस मिनट पर जींद से लुधियाना के लिए बस भेजी गई। हालांकि अभी बसें डायवर्ट रूट से होकर चलेंगी।

जब स्थिति सामान्य होगी तो पहले की तरह बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। अब बसों को दातासिंह वाला से वाया नेपेवाला व हंसडैहर होते हुए खनौरी से आगे संगरूर, लुधियाना व पटियाला के लिए भेजा जा रहा है जबकि पहले बस दातासिंह वाला से सीधे खनौरी होते हुए बस जाती है।

### बसें दस किलोमीटर का अधिक तय करेंगी

डायवर्ट रूट से बसों को दातासिंह वाला से खनौरी जाते समय दस किलोमीटर अधिक तय करने पड़ रहे हैं। लगभग सवा महीने बाद लुधियाना, संगरूर व पटियाला रूट पर बस चलने से यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। जींद से पटियाला के लिए सुबह साढ़े पांच बजे, छह बजकर 20 मिनट, सात बजकर 50 मिनट, नौ बजकर 20 मिनट व 11 बजकर 18 मिनट पर बस चलती है। वहीं संगरूर के लिए सुबह दस बजकर चार मिनट पर बस चलती है। इसके अलावा लुधियाना के लिए सुबह आठ बजकर 20 मिनटए साढ़े 12 बजे व दोपहर दो बजकर दस मिनट पर बस चलती है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को किसानों ने दिल्ली कूच का आह्वान किया था। जब पंजाब के किसान खनौरी-दातासिंहवाला बॉर्डर पर पहुंच गए थे, वहां अवरोधक लगा दिए गए थे। इसके चलते जींद से चंडीगढ़, दिल्ली, लुधियाना रूट पर बसों का संचालन बाधित हो गया था। पिछले दिनों दिल्ली व चंडीगढ़ रूट पर बसों का संचालन शुरू हो गया था। वहीं जब लिुधयाना, संगरूर रूट पर बसों का संचालन बाधित था तो यात्री सरबत दा भला, एसी एक्सप्रेस, जम्मूतवी व धोलाधार एक्सप्रेस ट्रेन में जाते थे। अब यह रूट भी शुरू हो गया है।

### बल्लभगढ़ जाने वाली बसों के समय में किया बदलाव

जींद से वल्लभगढ़ के लिए लगभग एक सप्ताह पहले दो नई बस शुरू की गई है, जिसके समय में बदलाव किया गया है। पहले जींद से बल्लभगढ़ के लिए पहली बस का समय सुबह पांच बजकर 20 मिनट व दूसरी बस सुबह छह बजकर 40 मिनट पर किया गया था। अब समय बदलकर जींद से पहली बस छह बजकर दस मिनट व दूसरी बस सात बजकर 40 मिनट पर चलाई जाएगी। यह बस जींद से वाया गोहाना व सोनपीत होते हुए बल्लभगढ़ पहुंचेगी।

### 11 बसों की भी हुई पासिंग

मार्च माह की शुरूआत में आई 11 बसों की पासिंग गुरुवार को हो चुकी है। आरटीए के तबलादले के कारण पिछले तीन सप्ताह से बसों की पासिंग नहीं हो पा रही थी। अब बसों पर फास्ट टैग लगने तक इन्हें कैथल व रोहतक जैसे रूट पर चलाया जाएगा। वहीं फास्ट टैग लगने के बाद कुरुक्षेत्र, पानीपत, हिसार जैसे रूट पर चलाया जाएगा। इससे यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी।

### एक बस लुधियाना के लिए भेजी : जसमेर

जींद डिपो के डीआई जसमेर ने बताया कि जींद से लुधियाना, संगरूर व पटियाला के लिए बसों को शुरू कर दिया गया है। वीरवार को एक बस लुधियाना के लिए भेजी गई है। शुक्रवार से तीनों जगह के लिए सुचारू रूप से बसों का संचालन शुरू होगा। अभी बसें डायवर्ट रूट से भेजी जा रही हैं। जब स्थिति सामन्य हो जाएगी तो निर्धारित रूट से बसों को भेजा जाएगा।


कैथल। पूंडरी कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी का स्वागत करतीं महिला कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# महिलाओं को राजनीतिक हक भाजपा ने दिए : उषा

- 33 प्रतिशत का टिकटों में आरक्षण भाजपा ने ही दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी शर्मा ने कहा कि राजनीति में महिलाओं के सही हक अगर किसी पार्टी ने दिए है तो वो भारतीय जनता पार्टी है। शर्मा पूंडरी की पंजाबी धर्मशाला, भाणा, रावनहेड़ा व गांव टयोंठा में आयोजित महिला जनसभाओं को संबोधित कर रही थी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी ढुलयाणी ने की। शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा के चुनाव को देखते हुए पार्टी की नीतियों और मोदी की महिलाओं को राम राम अभियान के तहत रात्रि पड़ाव कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कांग्रेस को जहां विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन देश में विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी बोलते है कि देश में अगर कोई शक्ति है तो वह नारी शक्ति है, जिससे वे लड़ेंगे। उन्हें ये नहीं पता कि उनको पैदा करने वाली भी एक महिला शक्ति है। कांग्रेस के युवराज पुरी तरह से बौखला गए है। जहां जा रहे वहीं अपनी ही पार्टी का सफाया कर रहे है। जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी ने कहा कि महिलाओं के अधिकार अगर कहीं सुरक्षित है तो वे भाजपा में है। अब राजनीतिक तौर भी 33 प्रतिशत का टिकटों में आरक्षण भाजपा ने ही दिया है। प्रदेश अध्यक्ष पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मोदी जी के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रही है। देश की एकमात्र भाजपा ऐसी पार्टी है, जिसमें कार्य करने वाले कार्यकर्ता को बड़ी से बड़ी जिम्मेवारी मिल सकती है।

# सीआरएसयू के बच्चों ने किया डाइट का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने फील्ड वर्क के तहत ईक्कस गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कुलदीप नारा ने कहा कि फील्ड वर्क एमए शिक्षा शास्त्र के पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग है। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को दिए सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में क्रियान्वित कर अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर सर्वे करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) ईक्कस का दौरा कर वहां की जानकारी प्राप्त की। डाइट प्राचार्य डा. विजय लक्ष्मी ने कहा कि इस तरह का भ्रमण ज्ञान को सांझा कर इसका प्रसार करने में सहायक होते हैं। डा. अनूप ने कहा कि डाइट का मुख्य कार्य है स्कूली शिक्षा संबंधी निर्धारित नीतियों को क्रियान्वित करना व उनका मूल्यांकन कर स्कूली शिक्षा में सुधार करना।

# 100 मीटर रेस में अर्पिता ने प्रथम रहा

- कन्या महाविद्यालय मे 37वीं वार्षिक एथलेटिक मीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में 37वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्त्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. मधु बाला द्वारा मार्च पास्ट की सलामी व फ्लैग होस्टिंग से किया गया। फ्लैग होस्टिंग के उपरांत प्राचार्या द्वारा मीट ओपन घोषित की गई। पायल एमए प्रथम ने सभी प्रतिभागियों को खेल संबंधी नियमावली से अवगत कराया। प्राचार्या डॉ. मधु बाला और वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. अमिता राणा ने प्राध्यापिकाओं के साथ दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुति की। प्राचार्या ने छात्राओं व प्रतियोगिताओं को खेलों के महत्व पर बल दिया। कार्यक्त्रम की संयोजिका डॉ. प्रेमलता विभाग अध्यक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में जीवन से संबंधित विभिन्न गुणों का विकास करना है।


पूंडरी। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डा. मधु बाला व अन्य।

### यह रहे परिणाम

एथलेटिक मीट में 100 मीटर की रेस, 200 मीटर की रेस, चाटी रेस, थ्री लैग रेस, बैंक रेस का आयोजन किया गया। 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर अर्पिता, मुस्कान द्वितीय स्थान पर मनप्रीत व तृतीय स्थान पर मीनू रही। 200 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर मनप्रीत, द्वितीय स्थान पर अर्पिता व तृतीय स्थान नैना ने हासिल किया। टग आफ वार में प्रथम स्थान बीकॉम द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान बीकॉम प्रथम वर्ष व तृतीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष ने हासिल किया। बेस्ट एथलिट मनप्रीत बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्राचार्या डॉ. मधु बाला द्वारा सभी विजेता छात्राओं को बधाई दी। मंच संचालन डॉ. निधि व सोनिया द्वारा किया गया।

### सरकारी कार्यालयों से भी प्रचार सामग्री व फोटो हटाना जरूरी

**जींद।** आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर निर्वाचन आयोग की हिदायतों की पालना करने के दृष्टिगत सभी सरकारी विभागों के कार्यालयों व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आचार संहिता की उल्लंघन करना किसी के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। ऐसे में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में चुनाव आयोग की हिदायतों की पालना करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला में संचालित सभी विभागों कार्यालय में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को ये निर्देश दिए हैं।

# युवा शक्ति देश को दे रही नई दिशा: नरेंद्र

- राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। समाजसेवी नरेंद्र जिंदल को सम्मानित करते पदाधिकारी।

राजकीय महाविद्यालय कैथल में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के छठे दिन के प्रथम सत्र में भारत विकास परिषद् के प्रान्त सेवा प्रभारी डॉ. राजेंद्र ठकराल ने स्वयंसेवकों से मेरा देश मेरी संस्कृति विषय पर बात करते हुए कहा कि भारत गीत-संगीत, नृत्य, नाटक-कला, लोक परंपराओं, धार्मिक-संस्कारों एवं अनुष्ठानों, चित्रकारी एवं लेखन आदि विधाओं वाला देश है जो मानवता की अमूल्य विरासत है। एनएसएस के स्वयंसेवकों को अपने देश, अपनी संस्कृति पर गर्व करते हुए इसका प्रचार करना चाहिए।

दूसरे सत्र में समाजसेवी नरेंद्र जिंदल ने विवेकानंद और युवा भारत पर अपनी बात रखते हुए देश की युवा शक्ति ही समाज और देश को नई दिशा देने का सबसे बड़ा औजार है। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के सहायक निदेशक दीपक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के भारत को युवा भारत कहा जाता है क्योंकि हमारे देश में असम्भव को संभव में बदलने वाले युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। तीसरे सत्र में एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि युवा शक्ति परिवर्तन की वाहक भी है और परिवर्तन की लाभार्थी भी है। प्राचार्या डॉ. मनोज कुमार भाम्बू ने कहा कि शिविर में रहने से विद्यार्थियों को वह सब सिखने को मिलता है जो उन्हें जिन्दगी में सफल बनाता है।

आज स्वयंसेवकों के मध्य देश भक्ति विषय पर कविता पाठ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें में प्रदीप कुमार ने प्रथम, नीरज ने द्वितीय और साहिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन स्वयंसेवक साहिल ने कार्यक्रम की रिपोर्ट लेखन का कार्य मीना, गौरव और राहुल ने और फोटोग्राफी राहुल, प्रदीप और सुनील ने की।

# खर्ब बने आप के पूर्व सैनिक जिलाध्यक्ष

- आप के संस्थापक केजरीवाल का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। रामकुमार खर्ब को आप पार्टी का पटका पहनाते हुए।

रामकुमार खर्ब ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी के द्वारा उन्हें पूर्व सैनिक जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के द्वारा दिए गए जिम्मेवारी पूरी निष्ठा के साथ निभाने का कार्य करेंगे उन्होंने पार्टी के द्वारा दिए गए पद में आम आदमी पार्टी के संस्थापक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सचिव डा. संदीप पाठक, प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता व अनुराग ढांडा, महिला अध्यक्ष डा. रजनीश जैन सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पार्टी उनकी प्रदेश व जिले में जो भी जिम्मेवारी लगाएगी, उसे पूर्ण रूप से निभाने का काम करूंगा। पार्टी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। जींद जिला में प्रचार के दौरान बताया जाएगा कि दिल्ली व पंजाब में किस तरह से आप पार्टी विकास का कार्य करवा रही है। अगर हरियाणा में विकास का काम करना है तो आप की सरकार लानी पड़ेगी। जींद के पूर्व सैनिकों के लिए आम आदमी पार्टी की तरफ से जो भी कार्य मिलेगा उसे निभाने का भी काम करेंगे। चाहे हमें पूर्व सैनिकों को एक साथ जोड़ना हो उन्हें जागरूक करना हो और उनकी मांगों के लिए आवाज उठानी हो, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे।

### द्वादशी पर बाबा खाटू श्याम मंदिर पडाना में लगा मेला



**जींद।** द्वादशी के मौके पर पडाना गांव स्थित बाबा खाटू श्याम मंदिर में भव्य मेला लगा। इस दौरान दिन भर श्याम भक्तों का समागम लगा रहा। यूं तो हर महीने शुक्ल पक्ष की द्वादशी पर पडाना धाम पर मेला लगता है लेकिन हर साल फाल्गुन महीने में हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया और श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई। मंदिर कमेटी के प्रधान संजय सिवाच के अनुसार द्वादशी के मौके पर 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसके लिए बुधवार रात को ही श्याम भक्त पडाना धाम पहुंचना शुरू हो गए। आधी रात के बाद दर्शन शुरू हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**सम्मान** | जींद में अलग-अलग स्थानों पर कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी का स्वागत

# हमेशा लोगों की सेवा की है, भविष्य में और ज्यादा हौसले से रहेगी जारी : कर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कान्फेड चेयरमैन कर्मबीर सैनी का स्वागत करते वकील और अन्य गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी का वीरवार को जींद शहर में अलग-अलग स्थानों पर लोगों ने स्वागत किया। बार एसोसिएशन ने कर्मवीर सैनी का स्वागत किया। इससे पहले जनता बाजार तथा औद्योगिक क्षेत्र भी कान्फेड चेयरमैन का अभिनंदन किया। इस दौरान कर्मवीर सैनी ने कहा कि उन्होंने हमेशा लोगों की सेवा की है। अब भाजपा ने और अधिक सेवा करने का मौका दिया है। कर्मवीर सैनी ने कहा कि यह लोगों का प्यार प्रेम ही है कि उनका लोग स्वागत कर रहे हैं। वैसे इतने छोटे से कार्यकर्ता को कान्फेड का चेयरमैन बनाकर भाजपा ने उन्हें अधिक ऊर्जा के साथ लोगों की सेवा करने का मौका दिया है। वह बार एसोसिएशन के सदस्य भी हैं तथा यहां वकालत भी की है। इसलिए वकीलों का उनको पहले भी पूरा सहयोग मिला है और भविष्य में भी मिलता रहेगा। औद्योगिक क्षेत्र में सतीश ढिल्लों ने उनका स्वागत किया। सैनी ने यहां मौजूद लोगों को भरोसा दिलाया कि जींद के हालात पहले से बेहतर हुए हैंए भविष्य में और 'यादा बेहतर होंगे। मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की हमेशा ही विकास की रुचि रही है। पिछले साढ़े नौ सालों में जींद की दशा और दिशा बदली है। पहले जींद को पिछड़ा हुआ क्षेत्र कहते थे लेकिन आज चारों तरफ नेशनल हाइवे के कारण जींद विकास के रास्ते में आगे बढ़ रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जींद को औद्योगिक हब बनाने का निर्णय लिया है। मौके पर बार एसो के प्रधान राकेश मलिक प्रधान, विनोद श्योकंद, विकास देशवाल, दीपक सैनी, बलराज श्योराण, विनोद टिंडल, वीरेंद्र लाठर, अरविंद लाठर, अमित भारद्वाज, नवनीत सैनी, राजेश गिल, राजेंद्र, जयंती मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धवन, संजय सैनी, बलराज पांचाल, पालिका बाजार के प्रधान शिवचरण गोयल, सुरेश सैनी, जयभगवान सिंगला, सियाराम गोयल, रामभज गोयल, महेंद्र पहलवान, मुकेश गर्ग सहित अनेक लोग मौजूद रहे।